# कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली

(शिक्षा भवन, दिग्घीकला, हाजीपुर)
रविन्द्र कुमार, बि0शि0से0
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।
मोबाईल नं0-8544412079
हाजीपुर, वैशाली-844102
E-mail Id.-deovaishali.edn@gmail.com,deo-vaishali@bihar.gov.in

पत्रांक-1290

सेवा में,

सभी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी,
जिला- वैशाली।

हाजीपुर, दिनांक-13/06/26

विषयः- अपने प्रखण्डाधीन संचालित सभी कोचिंग संस्थानों की सघन जाँच कर सरकारी शिक्षकों की संलिप्तता के संबंध में 03 दिनों के अंदर जाँच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंगः- निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक-11/नियमावली 1-1/2021 (अंश-1) 613 दिनांक 11.06.2026।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में सूचित करना है कि राज्य के विद्यालयों में पर्याप्त संख्या में शिक्षक उपलब्ध हैं, अतः बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षकों की पूर्ण जवाबदेही विद्यालय के प्रति होनी चाहिए। शिक्षकों द्वारा विद्यालय परिसर अथवा अन्य बाहरी स्थानों पर अवस्थित कोचिंग/निजी ट्यूशन संस्थानों में पढ़ाने से विद्यालयों में बच्चों की पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, बिहार, पटना द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि यदि कोई भी सरकारी विद्यालय के शिक्षक कोचिंग/निजी ट्यूशन एवं व्यावसायिक संस्थानों में पढ़ाने के कार्य में संलिप्त पाए जाते हैं, तो इसे आचार संहिता का घोर उल्लंघन माना जाएगा और उनके विरुद्ध कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

अतः आपको निदेशित किया जाता है कि आप अपने प्रखण्ड के अधीन संचालित हो रहे सभी छोटे-बड़े कोचिंग संस्थानों/निजी ट्यूशन सेंटरों का भौतिक रूप से सघन निरीक्षण/जाँच करना सुनिश्चित करें। इस जाँच का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि उक्त संस्थानों के संचालन या पठन-पाठन में किसी भी सरकारी शिक्षक की कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संलिप्तता तो नहीं है। आप अपनी जाँच पूर्ण कर स्पष्ट प्रतिवेदन

(मंतव्य सहित) पत्र प्राप्ति के 03 (तीन) दिनों के अंदर नीचे दिए गए विहित प्रपत्र में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

जाँच प्रतिवेदन हेतु विहित प्रपत्र–

| क्र0 | कोचिंग संस्थान का नाम एवं पूरा पता | कोचिंग संचालक का नाम एवं संपर्क नंबर | क्या जाँच के क्रम में किसी सरकारी शिक्षक की संलिप्तता पाई गई ? (हाँ/नहीं) |
|---|---|---|---|
| | | | |

विश्वासभाजन

13.6.26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

ज्ञापांकः–1230 हाजीपुर दिनांकः–13/06/26

प्रतिलिपिः–जिला पदाधिकारी, वैशाली की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

13.6.26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।